बीईसीसी-105

# कला स्नातक (अर्थशास्त्र ऑनर्स)
# (बी.ए.ई.सी.एच.)

## सत्रीय कार्य-2021

## पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी.सी.–105

## मध्यवर्ती व्यष्टि अर्थशास्त्र-I

अर्थशास्त्र संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

# बी.ई.सी.सी.–105 : मध्यवर्ती व्यष्टि अर्थशास्त्र-I

## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

प्रिय छात्र,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम दर्शिका में सूचित किया है, इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता है: i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक।

आपको 6 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 3 अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करने होंगे, और 4 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 2 सत्रीय कार्य करने होंगे। इस सत्रीय कार्य की पुस्तिका में **बी.ई.सी.सी.–105 मध्यवर्ती व्यष्टि अर्थशास्त्र-I** नामक कोर पाठ्यक्रम का सत्रीय कार्य सम्मिलित है जो 6 क्रेडिट का पाठ्यक्रम है। इस पुस्तिका में 3 सत्रीय कार्य हैं जिनके कुल 100 अंक हैं, तथा मूल्यांकन में 30 प्रतिशत वेटेज है।

सत्रीय कार्य-I में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ/जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

सत्रीय कार्य-II में मध्यम श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

सत्रीय कार्य-III में संक्षिप्त श्रेणी के प्रश्न हैं। ये प्रश्न व्यक्तियों, लेखन, घटनाओं तथा अवधारणाओं एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ के बारे में प्रासंगिक/सटीक जानकारी को संक्षेप में याद रखने के कौशल को उत्तम बनाने के लिए हैं।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द-सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन; कौशल में सुधार होगा; तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में उल्लेख किया गया है आप सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत जमा करने होंगें।

**आपको सत्रीय कार्य 31 अक्तूबर 2021 से पहले अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास जमा करना होगा।** जमा कराये गये सत्रीय कार्य की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें।

मूल्यांकन के पश्चात्, अध्ययन केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात्, अध्ययन केन्द्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखेगें। सत्रीय कार्यों के उत्तर लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें :

1) **योजना :** सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढ़िए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्त्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।
2) **संगठन :** अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें।

   उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिशचित कर लें कि :

   क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

   ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

   ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही हैं।

3) **प्रस्तुतीकरण :** जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ-साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द-सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

शुभकामनाओं के साथ,

# बी.ई.सी.सी.–105 : मध्यवर्ती व्यष्टि अर्थशास्त्र-I
## शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.सी.सी.–105**
**सत्रीय कार्य कोड : एएसएसटी/टी.एम.ए./2021**
**कुल अंक : 100**

## सत्रीय कार्य 1

**निम्नलिखित वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्नों का उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।** **2x 20=40**

1. क) पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत रेखाचित्रों का प्रयोग कर उद्योग के दीर्धकालीन आपूर्ति वक्रों के विभिन्न रूपों के बीच तुलना कीजिए। **(10)**

   ख) एक पूर्ण प्रतियोगी उद्योग के माँग वक्र को इस समीकरण द्वारा व्यक्त किया गया है : $Q$ = 25,000 – 1000$P$। मान लीजिए कि इसी उद्योग से संबंधित फर्म का कुल लागत फलन का समीकरण है :

$$TC(q) = 40q - q^2 + 0.01q^3$$

   यहाँ पर $q$ किसी फर्म द्वारा उत्पादित उत्पादन की मात्रा को व्यक्त करती है, $Q$ उद्योग का कुल उत्पाद है तथा $P$ वस्तु की कीमत है। इस स्थिति में संतुलित बाज़ार कीमत क्या होगी? संतुलन की स्थिति में प्रत्येक फर्म कितना उत्पादन करेगी? यह भी बताएं कि दीर्घमकाल में उद्योग में कितनी फर्में रहेंगी? (10)

2. क) किसी व्यक्ति का उपयोगिता फलन दिया है : U(W) = 20$W$, जहाँ W संपत्ति है। रेखाचित्र की सहायता से इस व्यक्ति के जोखिम बचाव पर टिप्पणी करें। (5)

   ख) अब मान लिया गया कि उपरोक्त व्यक्ति की प्रारंभिक संपत्ति रु.400 है। उस व्यक्ति के कारखाना चलाने पर आग लगने की प्रायिकता 1/5 है। आग लगने से नुकसान की अनुमानित राशि रु.200 है।

   (i) आग लगने से अपेक्षित (expected) नुकसान क्या होगा? (5)

   (ii) व्यक्ति की अपेक्षित उपयोगिता क्या होगी? (5)

   (iii) यदि बीमा कंपनी रु.61 की प्रीमियम राशि माँगती है तो क्या वह व्यक्ति इस राशि का भुगतान करेगा? (5)

## सत्रीय कार्य-2

**निम्नलिखित मध्यम उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है।** **3x 10=30**

3. क) शिष्ट अधिमानों (well behaved) की विशेषताओं की चर्चा कीजिए। किसी उपयोगिता फलन द्वारा किस प्रकार के अधिमानों को प्रदर्शित किया जाता है? (5)

ख) 'उपभोक्ता के अधिमानों का प्रतिनिधित्व करने वाले उपयोगिता फलन का एकरूपता वाला रूपांतरण अधिमानों के क्रम को सुरक्षित रखता है।' क्या आप इस बात से सहमत हैं? उपयोगिता फलन उदाहरण देकर इस कथन की व्याख्या करें। (5)

4. क) एक विशुद्ध विनिमय अर्थव्यवस्था के दो व्यक्तियों (A तथा B) और दो वस्तुओं (X तथा Y) पर विचार कीजिए। व्यक्ति A के पास X की 5 इकाइयों तथा Y की 3 इकाइयाँ हैं जबकि B के पास X की 3 इकाइयाँ तथा Y की 4 इकाइयाँ हैं। A तथा B के उपयोगिता फलन क्रमशः $U_A = X_A Y_A^2$ तथा $U_B = X_B^2 Y_B$ हैं जहाँ $X_i$ तथा $Y_i$ में $i = \{A, B\}$ अर्थात् व्यक्ति *i* के X तथा Y वस्तुओं के उपभोग हैं। ऐसी स्थिति में इस अर्थव्यवस्था में पैरेटो अनुकूलतम आवंटन के समुच्च्य क्या होंगे? (7)

ख) सामान्य तुलना तंत्र के अंतर्गत आवंटन की संभाव्य शर्त को बताइये। (3)

5. क) कॉब डग्लस उत्पादन फलन : $Q = AL^{\alpha}K^{\beta}$ पर विचार करें जहाँ उत्पादित मात्रा *Q* प्रयुक्त श्रम (*L*) एवं पूंजी (*K*) का फलन है तथा *A*, $\alpha$, $\beta$ स्थिरांक हैं। यह प्रदर्शित करें कि इस प्रकार के उत्पादन फलन के लिए पूँजी अथवा श्रम का सीमांत उत्पाद श्रम या पूँजी के औसत उत्पाद X स्थिर संख्या के बराबर होगा। (5)

ख) यह प्रदर्शित करें कि स्थिर प्रतिफल अवस्था उत्पादन फलन के साथ श्रम एवं पूँजी के बीच सीमांत तकनीक प्रतिस्थापन दर (MRTS) केवल आदा अनुपात पर निर्भर करती है न कि उत्पादन के पैमाने पर। (5)

## सत्रीय कार्य-3

**निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।** **5x 6=30**

6. असतत् (Discrete) तथा सतत् प्रायिकता वितरण में अंतर बताइये।

7. लाभ फलन की विशेषताओं को बताइये।

8. अंतरकालिक बजट अवरोधक क्या है?

9. तटस्थ तकनीकी प्रगति से आप क्या समझते हो? इसकी श्रम सघन तकनीकी प्रगति से तुलना कीजिए।

10. अर्ध-रेखीय अधिमानों की चर्चा कीजिए।